एक नजर में

पद्मश्री शर्मा को मिला अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद राष्ट्रीय सम्मान

झाबुआ। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मप्र संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित आजादी का महापर्व एवं राष्ट्रीय अलंकरण समारोह में झाबुआ के समाजसेवी और शिवगंगा समग्र ग्राम विकास परिषद के संस्थापक महेश शर्मा को अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद राष्ट्रीय सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान शर्मा को, जनजाति समाज में रचनात्मक समाज कार्य हेतु प्रदान किया गया है। यह सम्मान तीन दशकों से परमार्थ की प्रेरणा से झाबुआंचल में हो रहे जल, जंगल, जमीन, जानवर, जन के संवर्धन से समृद्धि के जन आंदोलन का सम्मान है। शर्मा पूर्व में भी पद्मश्री सम्मान एवं रामतीर्थ गोदा राष्ट्रीय सम्मान से भी अलंकृत किये जा चुके हैं। रविन्द्र भवन में आयोजित समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्रसिंह लोधी की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंच पर प्रधानमंत्री कार्यालय के आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल, पद्मश्री गिरीश प्रभुणे (पुणे), पद्मश्री मीनाक्षी जैन (नई दिल्ली), प्रो. डॉ. शशिभूषण कुमार (नोएडा), मीरा कुट्टलक्कल (गुवाहाटी), प्रभुल कोठारी (नई दिल्ली), डॉ. राजेश्वर शास्त्री (उज्जैन), निर्मलदत्त नारंग (ग्वालियर), रवि भाटिया (इंदौर), स्वामी कालिकृष्णानंद (वृंदावन) और निर्मल साहू (डिंडोरी) समेत अनेक प्रतिष्ठित सामाजिक एवं सांस्कृतिक हस्तियां उपस्थित रहीं। इस वर्ष यह सम्मान ले. जनरल (से.नि.) सैयद अता हसनैन, गिरीश प्रभुणे, और विवेकानंद केंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ कल्चर (गुवाहाटी) को भी प्रदान किया गया। प्रत्येक पुरस्कारार्थी को 2 लाख की सम्मान राशि, प्रशस्ति-पत्र और शॉल भेंट किए गए। समारोह में चंद्रशेखर आज़ाद के अमर संदेश दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे; आज़ाद थे, आज़ाद रहेंगे को स्मरण करते हुए यह संकल्प लिया गया कि उनके बलिदान के आदर्शों को देश के कोने-कोने और ग्राम-ग्राम तक पहुंचाया जाएगा।

महाविद्यालय में हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

झाबुआ। उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन के निर्देशानुसार दिलीपसिंह भूरिया शासकीय आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ में हर घर तिरंगा,हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में प्रभारी प्राचार्य प्रो. पीके उछावर के मार्गदर्शन में 13 अगस्त को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें हिमांशी पिता रमेश जोशी बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान, नीलम पिता सुखलिया रावत बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा सुनीता पिता भूरा बबेरिया बीएससी तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अभियान के तहत 14 अगस्त को तिरंगा यात्रा रैली निकाली निकाली गई। तिरंगा रैली में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं सैकड़ों विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

बाग में स्वतंत्रता दिवस पर निकली प्रभातफेरी, बच्चों ने चाइना चीजों के बहिष्कार का संदेश दिया

बाग - बाग में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर स्कूली विद्यार्थियों की प्रभातफेरी निकाली गई। विद्यार्थियों ने छत्रपति शिवाजी, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, राधा कृष्ण और भारत माता के वेश धारण किए और आकर्षण का केंद्र बने। विजयस्तंभ चौक पर ग्राम पंचायत बाग के कार्यक्रम में सरपंच धर्मेंद्र बामनिया और उप सरपंच रोहित झवर ने ध्वजारोहण किया। सरपंच बामनिया ने ऑपरेशन सिंदूर में सेना के शौर्य को याद किया। उप सरपंच रोहित झवर ने कर्म से राष्ट्रभक्ति दिखलाने का आग्रह किया । सार्वजनिक ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रतिकूल परिस्थितियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जनपद सदस्य प्रतिनिधि वकार खान ने सभी विद्यार्थियों को 2500 रुपए देने की घोषणा की। नगर के 20 से अधिकविभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनपद प्रांगण में जनपद अध्यक्ष संकरीबाई नारायण भूरिया ने भाजपा मंडल में वरिष्ठ भाजपा नेता दीतूसिंह सिसोदिया ने, कांग्रेस में पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने और माहेश्वरी स्कूल में समाज अध्यक्ष प्रदीप अगाल ने झंडारोहण किया, थाना प्रांगण में टी कैलाश चौहान ने, बी आर सी कार्यालय में धर्मेंद्र ठाकुर ने झंडा वंदन किया

धार जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन में ध्वजारोहण

धार, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर राजबाड़े में नगर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक शास्त्री के मुख्य आतिथ्य में डॉ. शास्त्री द्वारा ध्वजारोहण किया गया । इस अवसर पर सर्वश्री सचिव आशीष बांगर,विनीत खत्री ,पंकज बोराणा ,मुकेश राठौर ,निलेश जैन ,राजेंद्र जैसवाल ,राजेंद्र जैन ,मुकेश मंडलोई, अंकुर बांगर, जितेंद्र जैन विकास अग्रवाल ,गणेश मालवीय ,अंबर गुप्ता ,दिनेश चौधरी ,विशाल एरन ,विजय राठौड़ ,आशीष वैद्य, दिनेश अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, शैलेंद्र मित्तल , आकाश गर्ग सहित अनेक केमिस्ट उपस्थित थे । उक्त जानकारी पी. आर. ओ. नीलेश जैन ने दी ।

नगर सहित अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया आजादी का महापर्व

- मुख्य समारोह डीआरपी लाईन मैदान में हुआ आयोजित

नवभारत न्यूज

झाबुआ। आजादी के महापर्व का जश्न जिला मुख्यालय से लेकर तहसील व ग्राम पंचायत स्तर तक गरिमामय ढंग से मनाया गया। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के पुलिस लाईन मैदान पर आयोजित हुआ। जहां समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर नेहा मीना द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। वही अंचल के स्कूल, कालेजों सहित शिक्षण संस्थाओं, राजनीतिक दलों के कार्यालयों व सार्वजनिक जगहों पर भी ध्वाजारोहण किया गया। जिला मुख्यालय के पुलिस लाईन में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर नेहा मीना ने ध्वजारोहण किया एवं उसके उपरांत पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजायी गई। समारोह में सुरक्षा बलों की टुकड़ियों ने हर्ष फायर कर जयघोष किया। कलेक्टर द्वारा परेड सलामी ली गई एवं इसके उपरांत परेड कमांडरो से परिचय प्राप्त किया। कलेक्टर द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों, जिले के पद्मश्री से सम्मानित व्यक्तित्व और शहीद के परिजनों का पुष्पमाला, श्रीफ्ल और शॉल देकर सम्मान किया गया। कलेक्टर ने सभी जिलेवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना हेतु बधाई संदेश एवं विगत वर्ष में जिले की उपलब्धियों का वाचन किया। समारोह में कलेक्टर ने अनेकता में एकता के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारों को आकाश में मुक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का लाल परेड ग्राउंड भोपाल से लाइव प्रसारण किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश के जन-जन को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेता पुरस्कृत -जनजातीय कार्य विभाग के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा शारीरिक क्षमता को प्रदर्शित करती पीटी. का प्रदर्शन किया। इसके उपरांत विभिन्न विद्यालयों के दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। जिसमें पीएम श्री एकीकृत शासकीय बालक उमावि रातीतलाई ने ऑपरेशन सिंदूर, एमश्री शा. कउमावि झाबुआ ने भारत की अनेकता में एकता कन्या शिक्षा परिसर रामा ने स्वामी विवेकानंद एवं योग पर आधारित, शा. हाई स्कूल बुनियादी झाबुआ ने मध्यप्रदेश पुलिस के योगदान पर आधारित, कन्या महाविद्यालय बालिका छात्रावास ने जिले की संस्कृति को प्रदर्शित करते नृत्य एवं इंदौर पब्लिक स्कूल ने राष्ट्र प्रेम पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान पीएमश्री शा. कन्या उमावि झाबुआ, द्वितीय स्थान इंदौर पब्लिक स्कूल एवं तृतीय स्थान कन्या शिक्षा परिसर रामा ने प्राप्त किया। साथ ही पीएमश्री एकीकृत शासकीय बालक उमावि रातीतलाई, शा. हाई स्कूल बुनियादी झाबुआ एवं कन्या महाविद्यालय बालिका छात्रावास को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

दल और कर्मचारियों को किया पुरस्कृत

स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इसी के साथ ही परेड प्रदर्शन सीनीयर श्रेणी में प्रथम स्थान जिला पुलिस महिला बल झाबुआ, द्वितीय स्थान विशेष सशस्त्र बल 24वीं वाहिनी बी कंपनी कैंप झाबुआ एवं तृतीय स्थान जिला पुलिस बैंड दल ने प्राप्त किया। इसी प्रकार जूनियर श्रेणी में प्रथम स्थान पीएमश्री शा. कन्या उमावि झाबुआ के गाइड दल एवं रेडक्रॉस दल को संयुक्त रूप से, द्वितीय स्थान जूनियर गाइड दल माधोपुरा एवं तृतीय स्थान पीएमश्री एकीकृत शासकीय बालक उमावि रातीतलाई रेडक्रॉस दल एवं शौर्य दल ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह, जिपं सीईओ जितेन्द्रसिंह चौहान, सहायक कलेक्टर आशीष कुमार, जन प्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

स्वास्थ केंद्र पर बीएमओं द्वारा किया गया ध्वजारोहण

अलीराजपुर जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर बोरी में स्वतंत्रता दिवस का समारोह गरिमामय वातावरण में मनाया गया। जहां ध्वजारोहण खंड चिकित्सा अधिकारी डा. अमित दलाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विकासखंड के विभिन्न गांवों के मैदानी स्वास्थ कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साकर्मी, बोरी तथा आसपास के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक बडी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर बीएमओं डा दलाल ने कहा कि सदुर गांव में तत्परता के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाकर हम अपनी स्वतंत्रता को सार्थक बना सकते है। इस अवसर चिकित्साकर्मियों ने भी सुरक्षित प्रसव तथा कुपोषण मिटाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को मिठाई तथा फ्रूट वितरण कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

79 वॉ स्वतंत्रता दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया

नगर परिषद पेटलावद ने मिठाई वितरित की

पेटलावद। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया । नगर के सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों और भवनों पर ध्वजारोहण किया गया।इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बारिश का दौर भी जारी रहा। मुख्य आयोजन के पूर्व बारिश हुई और कार्यक्रम के दौरान भी हल्की फुल्की बारिश चलती रही।

नगर का मुख्य आयोजन नगर परिषद पेटलावद में आयोजित किया गया।जहां पर नगर के गणमान्य नागरिक और अधिकारियों सहित स्कूली बच्चों के सामने नगर परिषद अध्यक्ष ललीता गामड के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।गार्ड आफ आनर पुलिस जवानों के द्वारा दिया गया।

इस मौके पर स्वागत भाषण एसडीएम तनु श्री मीणा ने दिया इसके साथ ही अध्यक्ष ललीता गामड,जनपद अध्यक्ष रमेश सोलंकी ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर नप उपाध्यक्ष किरण संजय कहार,तहसीलदार अनिल बघेल,नायब तहसीलदार अकिंत भीडे,सीईओ गौरव जैन, बीईओ देवेंद्र ओझा, बीआरसी रेखा गिरी, भाजपा मिडिया प्रभारी जितेंद्र मेहता आदि अधिकारी,पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, गणमान्य नागरिक,पत्रकार व स्कूली बच्चें उपस्थित रहे।नगर परिषद ने किया सम्मान-इस मौके पर नगर परिषद के द्वारा सैना के पूर्व सैनिकों और शहीद सैनिकों के परिजनो का सम्मान किया गया।जिसमें गोपाल राठौड, मांगीलाल पाटीदार, एपी सिंह, मोहनलाल डाबी, उमेश कुमार, भारतसिंह सिसोदिया, शिव स्वरूप भदोरिया, और कृष्णस्वरूप भदोरिया सहित कलावती देवी, उमा चौहान, दाखा बाई,अनिता कंवर को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में नगर परिषद द्वारा स्कूली बच्चों को मिठाई वितरीत की गई।कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक हेमंत भट्ट ने किया और अंत में आभार प्रदर्शन सीएमओ आशा भंडारी ने किया। सभी स्थानों पर हुआ ध्वजारोहण-वहीं नगर के विभिन्न कार्यालयों पर विभाग प्रमुखों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।जिसमें एसडीओपी अनुरक्ति सबनानी,पुलिस थाने पर टीआई निर्भय सिंह भूरिया, तहसीलदार अनिल बघेल ने और बीएमओ डॉ. एमएल चोपड़ा ने और मंडी प्रांगण में एसडीएम तनुश्री मीणा ने किया और स्वागत भाषण मंडी सचिव गणपत सिंह माली ने दिया।कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व विधायक वालसिंह मैडा ने ध्वजारोहण किया। नगर परिषद मुख्य आयोजन के पूर्व महात्मा गांधी जी की प्रतिमा और डॉ. भीमराव अम्बेंडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।वहीं स्कूली बच्चों ने नगर के मुख्य मार्गो से प्रभातफेरी निकाली। जो की शासकीय स्कूल से प्रारंभ हो कर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए नगर परिषद आयोजन स्थल पहुंची..

सर्वोदय संकुल संगठन को मिला आत्मनिर्भर संगठन पुरस्कार

झाबुआ। नई दिल्ली में 14 अगस्त को आयोजित एक भव्य समारोह में भारत सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित पुरस्कार के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित विकासखंड थांदला, जिला झाबुआ के सर्वोदय संकुल स्तरीय संगठन को आत्मनिर्भर संगठन पुरस्कार 2024 प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार संगठन द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने, आजीविका संवर्धन और सामुदायिक नेतृत्व के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। सर्वोदय संकुल संगठन ने क्षेत्र में महिला स्व-सहायता समूहों को एकजुट कर आर्थिक

आत्मनिर्भरता की दिशा में सफल प्रयास किए हैं। यह पुरस्कार न केवल संगठन के लिए बल्कि समस्त झाबुआ जिले के लिए गर्व का विषय है। सर्वोदय महिला संघ की वीका भूरिया एवं सीता मुनिया द्वारा पुरस्कार ग्रहण किया गया।

एक नजर

ध्वज के सम्मान में छात्रों ने राष्ट्रगान गाया, देशभक्ति के इसी वातावरण में मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया

अंकुरम में अनेकता में एकता की थीम पर मनाया आजादी का पर्व

झाबुआ। स्थानीय अंकुरम इंटरनेशनल स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय को तिरंगा की थीम पर तिरंगे झंडों, गुब्बारों और रंगोली से सुसज्जित किया गया। विद्यालय के संचालकद्वय डॉ. लोकेश दवे, डॉ. चारुलता दवे व प्राचार्य डॉ. रितेश लिमये द्वारा झंडा फहराया गया। ध्वज के सम्मान में छात्रों ने राष्ट्रगान गाया। देशभक्ति के इसी वातावरण में विद्यालय के छात्रों ने मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया। पश्चात भारत माता की तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात विद्यालय के संचालक डॉ. दवे, डायरेक्टर डॉ. श्रीमती दवे और प्राचार्य डॉ. लिमये का शिक्षिका पूजा सोनी, जानवी प्रजापति और पिंकी चौहान द्वारा तिलक लगाकर और हस्त निर्मित मोमेंटो देकर स्वागत किया। छात्र मितांश

पोरवाल, अथर्व शर्मा और भक्ति कटारिया ने अंग्रेजी भाषा में डिंपल चौहान ने संस्कृत भाषा में और निकुंज नायक ने हिंदी भाषा में भाषण द्वारा अपने विचार व्यक्त किए। छात्रा तनीषा कटारिया और अवधि गौर ने देशभक्ति कविता प्रस्तुत की। डॉ .श्रीमती दवे ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 100 वर्षों की गुलामी के बाद हमारा भारत देश आजाद हुआ है और आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हम आजाद भारत का जन्म दिवस मनाते हैं। उन्होंने छात्रों से अच्छे से पढ़ाई करने और अपने घर, विद्यालय में स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के संस्थापक डॉ. दवे ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी और कहा कि आगे भी सफलता के लिए इसी तरह प्रयास करते रहे। उन्होंने छात्रों से कहा कि विद्यालय द्वारा हम आपको सभी सुविधाएं देने का प्रयास करेंगे और मैं चाहता हूं कि सभी छात्र अच्छे से पढ़ाई करें और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन करें और विद्यालय का नाम रोशन करें।

प्राचार्य डॉ.लिमये ने छात्रों से कहा कि हमें अपनी माता और भारत माता की प्रति आदर भाव रखना चाहिए कभी भी उसका अपमान नहीं करना चाहिए। विद्यालय जीवन में आगे बढ़ने की पहली सीढ़ी है, जो भी कार्य करें अपना मन और दिल लगाकर करें। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यक्रम जैसे देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य व संगीत के कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्र रचित गोयल ने केसियो वाद्य द्वारा राष्ट्रगान और ओ देश मेरे गीत की शानदार प्रस्तुति दी। शिक्षिका मालिनी त्रिवेदी के निर्देशन में कक्षा पहली के नन्हे मुन्ने छात्रों ने जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया कक्षा चौथी के छात्रों ने तेरी मिट्टी में मिल जावां कक्षा पांचवीं के छात्रों ने भारत की बेटी और कक्षा नवीं के छात्रों ने वंदे मातरम जैसे देशभक्ती गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। संगीत शिक्षक आकाश बारेशा के निर्देशन में छात्रों ने देश भक्ति समूह-गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। संस्था के प्री प्राइमरी सेक्शन में नन्हे-मुन्ने छात्रों ने भी देशभक्ति का पर्व धूमधाम से मनाया। कक्षा प्री नर्सरी से यूकेजी तक के सभी छात्रों ने रंगारंग व मनमोहक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी। नन्हे-मुन्ने छात्र अलग-अलग राज्यों की वेशभूषा धारण कर आए थे। विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा, भांगड़ा, घूमर, लावणी, रूफ नाटी, मोहिनीअट्टम जैसे लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी जो भारत की विविधता में एकता की सच्ची तस्वीर पेश कर रही थी। यूकेजी के बच्चों ने देशभक्ति कविता प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। संचालन छात्र नव्य राठौर और देवांशी परमार ने किया। आभार छात्रा शिवानी गुंडिया ने माना। अंत में छात्रों और समस्त स्टाफमें मिठाई वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।